हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 जुलाई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में ५१००० से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

- श्री मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों में नव - नियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण में अहम् भूमिका निभा रहे हैं।

- प्रधानमंत्री ने कहा कि पी एल आई योजना के के अंतर्गत देशभर में ११ लाख से अधिक रोज़गार सृजित हुए हैं।

- हरियाणा के पलवल में आयोजित रोज़गार मेले में फरीदाबाद, गुरुग्राम और पलवल के युवाओं को रोज़गार प्रदान किया गया।

- हरियाणा के बॉस बादशाहपुर गांव में एक स्कूल के प्रिंसिपल की हत्या करने वाले छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोजगार मेले में बोल रहे थे।

***आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी दूसरी डेमोक्रेसी युवाओं को युवाओं का यह सामर्थ हमारे भारत के उज्जवल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी भी है और सबसे बड़ी गारंटी भी है और हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिन रात जुटी है।***

श्री मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

***रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। आज भी आप में से कई ने भारतीय रेल में अपने दायित्वों की शुरुआत की है कई साथी अब देश की सुरक्षा के भी प्रहरी बनेंगे, कुछ साथी हेल्प फॉर ऑल मिशन के सिपाही होंगे और बहुत से साथी भारत के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है।

***स्टार्टअप्स, इन्नोवेशंस और रिसर्च का जो इकोसिस्टम आज देश में बन रहा है वह देश के युवाओं का सामर्थ बढ़ा रहा है आज जब मैं नौजवानों को देखता हूं वह अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं मेरा भी आत्मविश्वास बढ़ जाता है मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान बड़े विजन के साथ तेज गति से मकमता के साथ आगे बढ़ रहा है।***

प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में निजी क्षेत्र में रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंज़ूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल के लिए सरकार ने लगभग एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और इससे सा तीन करोड़

रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि पीएलआई योजना के अंतर्गत देशभर में 11 लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज देश में 11 लाख करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश रक्षा विनिर्माण में नए कीर्तिमान बना रहा है।

***हमारा डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच चुका है। लोकोमोटिव हो, रेल कोच हो, आज भारत इनका दुनिया के कई देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है हमारा ऑटोमोबाइल सेक्टर भी अभूतपूर्व ग्रोथ कर रहा है। बीते 5 साल में ही इस सेक्टर में करीब 40 बिलियन डॉलर का एफडीआई आया है।***

श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की हाल में जारी रिपोर्ट का भी ज़िक्र किया।

***आईएलओ की एक बहुत बढ़िया रिपोर्ट आई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफेयर स्कीम के दायरे में लाया गया है और इन स्कीम्स का फायदा सिर्फ वेलफेयर तक सीमित नहीं है, इससे बहुत बड़ी संख्या में नए रोजगार भी बने हैं।***

16वां रोज़गार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक दस लाख से नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

*************************************************

कार्मिक और प्रशिक्षण राज्यमंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि रोजगार मेला में 40 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारी रेल मंत्रालय में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि कर्मयोगी पोर्टल पर आठ लाख से ज़्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया है, जिससे सरकारी कामकाज में उनकी दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार हुआ है।

***************************************************************

हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज जिला रोजगार विभाग पलवल द्वारा एडवांस एजुकेशन इंस्टीट्यूट औरंगाबाद व आर.बी.परफेक्ट मार्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। यह रोजगार मेला जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

रोजगार मेले में फरीदाबाद, गुरुग्राम, पलवल जिला की करीब 40 औद्योगिक इकाइयां ने भाग लिया। रोजगार मेले में एक हजार से ज्यादा युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया।

युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता,खेल,कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने बताया-

*****************************************************************

हिसार के बास बादशाहपुर गांव में एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर की चाकुओं से गोद कर हत्या करके फरार हुए आरोपी छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने बताया कि शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि इस मामले में 4 छात्र शामिल थे। दो छात्रों ने वारदात को अंजाम दिया था।

*****************************************************************

आज हरियाणा के विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

पंचकूल के जिला न्यायालय परिसर और उप-मंडल न्यायालय, कालका मेंजिला वी सत्र न्यायधीश वेद प्रकाश सिरोही के अनुमोदन से कुल 9 पीठों का गठन किया गया था।

लोक अदालत के दौरान दीवानी विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, चेक बाउंस के मामले, वैवाहिक विवाद व बैंक वसूली के मामले निपटाए गए।

***************************************************************

पलवल,राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पलवल, होडल और हथीन स्थित न्यायिक परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव मेनका सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना, फौजदारी, वैवाहिक विवाद आदि के न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाया गया।

****************************************************************

कैथल में कल हॉफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा।।जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे।

हॉफ मैराथन को लेकर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन ने पुख्ता प्रबंध किए है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 जुलाई को अंबाला रोड़ छोटू राम चौक से लेकर राधास्वामी सतसंग भवन अंबाला रोड़ तक बंद रहेगा। चीका चौक से विश्वकर्मा चौक तक भी रास्ता बंद रहेगा। इसके इलावा खुराना बाईपास से आर के एम पैलेस तक व □ांड रोड़ से ड्रेन के साथ आना वाला मार्ग भी बंद रहेगा।

पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने बताया कि सेक्टर 20 व सेक्टर 21 से अंबाला रोड़ की तरफ आने वाले मार्ग और मिहिरभोज चौक से अंबाला बाईपास नाका तक भी मार्ग बंद रहेगा।

****************************************************************